(ग) क्या सरकार मणिपुर रेडियो स्टेशन से हिंदी गानों का प्रसारण पुनः आरम्भ करेगी और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगी ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) आकाशवाणी, इम्फाल से हिंदी गानों का प्रसारण बन्द नहीं किया गया है।

(ख) और (ग) ये सवाल पैदा ही नहीं होते।

उत्तर प्रदेश में ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के लिए धन

*428. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान पहले वाले और संशोधित ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को आवंटित की गई धनराशि तथा अब तक प्राप्त की गई उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) क्या इस राज्य में कार्यक्रम निर्धारित समय से पिछड़े रहा है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई एच० पटेल) : (क) केन्द्रीय प्रायोजित ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम की संशोधित मार्गदर्शिकाएं राज्य सरकारों को मार्च, 1991 में भेजी गई थीं। गत तीन वर्षों के दौरान केन्द्रीय प्रायोजित ग्रामीण स्वच्छता कायक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश को किया गया आवंटन निम्नलिखित अनुसार था :—

(लाख रुपयों में)

1989–90 . .	265.05
1990–91 . .	265.05
1991–92 . .	530.40

उपरोक्त अवधि के दौरान उपलब्धि निम्नलिखित अनुसार थी :—

	(निर्मित स्वच्छ शौचालयों की संख्या) उपलब्धि
1989–90 . .	6058
1990–91 . .	5411
1991–92 . .	2678

(ख) कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए कोई विशिष्ट समय-अनुसूची निर्धारित नहीं की गई थी। तथापि, राज्य सरकार को पूरी आवंटित राशि रिलीज न किए जाने के कारण वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्तनहीं किया जा सका।

Industrial accident at Braithwaite and Company Limited

429. SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Will the Minister of LABOUR be pleased to state:

(a) whether it is a fact that an industrial accident took place on July 20, at Braithwaitt and Co. Limited's Angus factory into Hooghly killing seven workers and injuring some others;

(b) whether any inquiry has been conducted into the incident, if so, the details thereof; and

(c) the compensation paid to the dependents of the deceased and the injured workers?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL WITH ADDITIONAL CHARGE OF MINISTER OF THE MINISTRY OF LABOUR (SHRI P. A. SANGMA): (a) Yes Sir. The death tool has since risen to nine.

(b) The Department of Heavy Industry has constituted a panel of experts to enquire into the accident.

(c) An ex-gratia amount of Rs. one lakh each to the families of the deceased,